● वर्ष : 1 ● अंक : 2 ● 15 मई 2021 ● मूल्य : 200/– वार्षिक


# स्काउट गाइड दर्पण

हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स की आमुख पत्रिका









# मधुर स्मृतियां



सहायक शासन सचिव स्कूल शिक्षा श्री रामेश्वर जाट का अभिनंदन करते स्टेट पदाधिकारी।



राज्य मुख्यालय आयुक्त जनसंपर्क कुलदीप गोयल ने माननीय ऊर्जा मंत्री बी.डी. कल्ला को स्काउट गाइड दर्पण की प्रति भेंट करते हुए।



माननीय शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा को गार्ड ऑफ ऑनर देते स्काउट गाइड।




## प्रेरणा स्त्रोत

**अपर्णा अरोरा**
आईएएस
स्टेट चीफ कमिश्नर

✦✦ ✦

**आशुतोष एटी पेंडणेकर**
आईएएस
स्टेट कमिश्नर (रोवर)

✦✦ ✦

**आनंदी**
आईएएस
स्टेट कमिश्नर (रेंजर)

✦✦ ✦

**मंजू राजपाल**
आईएएस
स्टेट कमिश्नर (गाइड)

✦✦ ✦

**सौरभ स्वामी**
आईएएस
स्टेट कमिश्नर (स्काउट)



## इस अंक में


- सन्देश........................................................................ 4-9
- मेहनत के बलबूते जलाये जा सकते हैं आँधियों में दीप................ 10-11
- शख्सियत -डॉ. मोहन चौधरी.................................................. 12
- मुलाकात........................................................................ 13
- बेजुबान पशु पक्षियों के लिए चलाया गया सेवा अभियान............... 14-15
- उदयपुर संभाग ................................................................ 16
- जोधपुर संभाग.................................................................. 17
- अजमेर संभाग.................................................................. 17
- बीकानेर संभाग............................................................... 18-21
- जयपुर संभाग.................................................................. 22-24
- कोटा संभाग.................................................................... 25
- भरतपुर संभाग ................................................................ 26



**सलाहकार मंडल**

| **नरेंद्र औदिच्य** | **रिपुदमन सिंह** | **श्वेताराज डोडिया** | **विजय दाधीच** |
|---|---|---|---|
| राज्य सचिव | राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) | राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) | सहायक सचिव (समन्वयक) |

**सम्पादक**

**कुलदीप गोयल**
राज्य मुख्यालय आयुक्त (जनसम्पर्क)

प्रकाशक व मुद्रक- नरेंद्र औदिच्य, राज्य सचिव, हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य, नजदीक गुरू गोविन्द सिंह स्कूल, गांधी ग्राउंड चेतक सर्किल उदयपुर से प्रकाशित व मैसर्स पूजा प्रिन्टर्स, सी-4, सुदर्शनपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम जयपुर से मुद्रित। सम्पादक : कुलदीप गोयल

**RNI TITLE CODE : RAJBIL27007**, Email : scoutguidedarpan@gmail.com, website : www.hsgarajasthan.com



नोट : स्काउट गाइड दर्पण में प्रकाशित सामग्री प्रस्तोता की अपनी है। इससे हर किसी का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सत्यमेव जयते



**मुख्य मंत्री**
**राजस्थान**

मुम./संदेश/ओएसडीएफ/2021
जयपुर, 12 अप्रैल, 2021

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स राजस्थान राज्य, राज्य मुख्यालय, उदयपुर द्वारा अप्रैल, 2021 से संगठन की मासिक पत्रिका "स्काउट गाइड दर्पण" का प्रकाशन प्रारम्भ किया जा रहा है।

स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन की रचनात्मक गतिविधियों और उपलब्धियों का पत्रिका के माध्यम से प्रकाशमान करना अपने आप में महत्वपूर्ण है। इससे इस संगठन से जुड़े कब, बुलबुल, स्काउट–गाइड, रोवर, रेन्जर, संस्था प्रधान आदि सदस्यों को आवश्यक जानकारी मिलती है।

आशा है "स्काउट गाइड दर्पण" पत्रिका की सामग्री स्काउट–गाइड संगठन के सदस्यों और पाठकों को इस सेवाभावी संगठन के विभिन्न पहलुओं का ज्ञान कराने की दृष्टि से सार्थक होगी।

मैं संगठन के इस मासिक प्रकाशन की सफलता के लिये हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(अशोक गहलोत)

श्री नरेन्द्र औदिच्य, राज्य सचिव,
हिन्दुस्तान स्काउट्स व गाइड्स राजस्थान राज्य,
राज्य मुख्यालय, राजकीय गुरू गोविन्दसिंह उ.मा.वि के पास,
गांधी ग्राउण्ड, चेतक सर्कल, उदयपुर (राज.)



कमरा नं. 2114, प्रथम तल,
मुख्य भवन, शासन सचिवालय,
जयपुर-302005 ( राज. )
दूरभाष : 0141-2227062 ( कार्यालय )
E-mail : ministerbdk@gmail.com

# डॉ. बी. डी. कल्ला

मंत्री
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी,
भूजल, ऊर्जा, कला, साहित्य
एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग,
राजस्थान सरकार

## संदेश

हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड प्रतिदिन सेवा कार्यों में नये आयाम स्थापित कर रहा है। कोरोना महामारी के कठिन समय के दौरान स्काउट गाइड और रोवर रेंजर्स ने सेवा कार्यों में बढ–चढ कर हिस्सा लिया। खाना बांटने, मास्क वितरण, लॉकडाउन के दौरान पुलिस के साथ व्यवस्था बनाने, बेसहारा पशुओं को चारा डालने, विभिन्न तरह की गतिविधियों द्वारा आमजन को जागरुक करने तक हर गतिविधि में टीम के सदस्यों ने बेहतरीन कार्य किया है।

हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड की मासिक पत्रिका "स्काउट गाइड दर्पण" के प्रकाशन के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं और आशा करता हूं कि इस पत्रिका के माध्यम से सेवा कार्यों की जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचेगी और अन्य लोग भी इससे प्रभावित हो कर सेवा कार्यों में हिस्सा लेंगे।

मैं सभी स्काउट एवं गाइड से कोरोना महामारी के दौरान स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुये सेवा कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाने का आह्वान करता हूं।

(डॉ. बुलाकीदास कल्ला)

श्री नरेन्द्र औदिच्य,
राज्य सचिव,
हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स राजस्थान राज्य
राजकीय गुरु गोविन्द सिंह उमावि. के पास,
गांधी ग्राउण्ड, चेतक सर्कल, उदयपुर।



यह पत्रिका न केवल छात्र छात्राओं को संगठन से जुड़कर समाजोपयोगी भाव पैदा करने का कार्य करेगी

# सन्देश

हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य संगठन की ओर से प्रकाशित की जा रही मासिक पत्रिका 'स्काउट गाइड दर्पण' के लिए मैं समस्त संगठन को बधाई प्रेषित करता हूँ और यह विश्वास जताता हूँ कि यह पत्रिका न केवल छात्र छात्राओं को संगठन से जुड़कर समाजोपयोगी भाव पैदा करने का कार्य करेगी अपितु संगठन का मुखपत्र बनकर संगठन की गतिविधियों से आमजन को अवगत कराने में भी सहायक होगी।

**समस्त संगठन को**

**हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।**

**अनिल प्रथम**, आई.पी.एस.
राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त
हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स संगठन

# सन्देश



कोरोना की दूसरी लहर ने पूरे देश को हिला कर रखा दिया है। इस समय सभी का लक्ष्य एक ही है कि इस बीमारी से निजात कैसे पायी जाए। पूरा सरकारी तंत्र इस महामारी से जंग लड़ने में जुटा हुआ है। स्काउटिंग को भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए जागरूकता कार्य जारी रखने हैं। लोगो को वैक्सीन के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करें। प्रशासन के निर्देशानुसार जहाँ संभव को सकें मदद करें। सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता कार्य किये जा सकते हैं। जरुरतमंदो तक भोजन पहुंचाने में प्रशासन की मदद करने का प्रयास करें। उम्मीद है कि जल्दी ही हम इस महामारी से निजात पाएंगे और जीवन एक बार फिर से पटरी पर लौट आएगा।

आपकी

**अपर्णा अरोरा**

(आईएएस)

स्टेट चीफ कमिश्नर

उम्मीद है कि जल्दी ही हम इस महामारी से निजात पाएंगे और जीवन एक बार फिर से पटरी पर लौट आएगा।



मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग के बारे में जागरूकता के साथ साथ वैक्सीन के प्रति भी हमें लोगो को जागरूक करना है जिससे लोग जल्द वैक्सीन लगाए और इस महामारी से बचाव में सक्षम हो जाएँ।

# सन्देश

कोरोना की दूसरी लहर काफी खतरनाक है। प्रदेश ही नहीं पूरा देश इस भयानक बीमारी से जूझ रहा है। इस समय लोगो को और अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है। लोगो को जागरूक करने में स्काउट गाइड ने जिस तरह पिछले वर्ष अपनी मुख्य भूमिका निभाई उसी तरह इस वर्ष भी स्काउट गाइड को आगे आ कर आमजन को जागरूक करना होगा। मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग के बारे में जागरूकता के साथ साथ वैक्सीन के प्रति भी हमें लोगो को जागरूक करना है जिससे लोग जल्द वैक्सीन लगाए और इस महामारी से बचाव में सक्षम हो जाएँ। अब प्रदेश में लॉक डाउन चल रहा है ऐसे में बेजुबान पशु पक्षियों के लिए भी कार्य करें। परिंडे लगाए और चारे की व्यवस्था करें ताकि वे भी अपना जीवन जी सकें। समाजसेवा कार्य करते समय खुद का और अपने परिवार का ध्यान रखें।

आपका
**सौरभ स्वामी (आईएएस)**
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राज्य आयुक्त (स्काउट),
हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स

# सन्देश

## उम्मीद है जल्दी ही हम इस जंग में जीत हासिल करेंगे



पूरे हिन्दुस्तान स्काउट्स एन्ड गाइड्स परिवार द्वारा प्रदेश भर में कोरोना के इस कठिन काल में बहुत ही सरहानीय कार्य किये जा रहे हैं, इसके लिए सभी को साधुवाद। पूरे प्रदेश से आयी तस्वीरों के माध्यम से पता चला कि स्काउट्स गाइड और रोवर रेंजर्स हर क्षेत्र में प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। जैसा कि राज्य आयुक्त महोदय श्री मान सौरभ स्वामी ने बेजुबान पशु पक्षियों के लिए कार्य करने के लिए निर्देशित किया, मेरा सभी से आह्वान है कि अपने आसपास और पार्को में परिंडे लगाए और दानो की व्यवस्था करें। इसके साथ साथ नियमित रूप से इन परिंडों में पानी भरने का संकल्प भी ले। इसी तरह घरो के बाहर पशुओं के पानी पीने के लिए भी पात्र का इंतजाम करें। इस भयंकर गर्मी और लॉक डाउन के समय में लोगो की आवाजाही कम होने के कारण पशु पक्षियों के लिए भी भोजन का संकट हो गया है। स्काउट पशु पक्षियों का मित्र और प्रकृति प्रेमी है। हमे इसी नियम पर चलते हुए कार्य करना है। इसके साथ साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। उम्मीद है जल्दी ही हम इस जंग में जीत हासिल करेंगे।

आपका
**नरेंद्र औदिच्य**
राज्य सचिव

## उम्मीद है कि पहला अंक आपको पसंद आया होगा



कोरोना की दूसरी लहर काफी खतरनाक है और इससे कई खौफनाक मंजर सुनने को मिल रहे हैं लेकिन इसी बीच स्काउटिंग में माध्यम से हम इस जंग को लड़ने में प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। पूरे प्रदेश भर में स्काउट गाइड समाजसेवा के कार्यो में लगे हुए हैं। स्काउट गाइड दर्पण के माध्यम से हम इन गतिविधियों को प्रकाशित कर रहे हैं। यह दूसरा अंक है, उम्मीद है कि पहला अंक आपको पसंद आया होगा। इस पुस्तिका को और बेहतर बनाने के लिए आप अपने अमूल्य सुझाव हमें भेजें।

आपका
**कुलदीप गोयल**
राज्य मुख्यालय आयुक्त जनसम्पर्क

# मेहनत के बलबूते जलाये जा सकते

## हमारे प्रेरणा स्त्रोत - सौरभ स्वामी, राज्य आयुक्त (स्काउट), निदेशक माध्यमिक शिक्षा

जब कोई युवा विपरीत हालात को पछाड़ते हुए देश की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में काबिज हो जाता है, तो पूरे समाज के लिए मिसाल बन जाता है। स्काउट गाइड दर्पण के पाठको को इस अंक से कुछ ऐसी ही प्रशासनिक शख्सियतों से रू-ब-रू करवाया जा रहा है, जिनकी मेहनत पत्थर की लकीर बन कर उभर आई। इस अंक में हम जानेंगे हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स के स्टेट कमिश्नर (स्काउट) श्री सौरभ स्वामी के जीवन के बारे में। **सौरभ स्वामी** एक ऐसा नाम है जो आंधियों में दीप जलाकर उजाले में आए हैं।

कड़ी मेहनत कर उन्होंने खुद अपना परचम फहरा दिया। कामयाबी की इन छोटी-छोटी दास्तानों में छिपा है मेहनत कर कुछ भी हासिल कर लेने का रहस्य। उम्मीद है कि स्काउट गाइड इनके जीवन से प्रेरणा लेंगे और अपने जीवन में बेहतर मुकाम हासिल करेंगे।

**जब** कुछ कर दिखाने के लिए इरादे बुलंद हों, तो विपरीत परिस्थितियों में भी राहें बनने लगती हैं। यह कथन भिवानी के दादरी कस्बे के सौरभ स्वामी पर सटीक बैठता है। परिस्थितियां प्रतिकूल थीं, इसके बावजूद सिविल सेवा परीक्षा में पास होने का दृढ़ निश्चय उनको इस मुकाम तक ले आया। चाय की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले सौरभ स्वामी के पिता का भी सर फख से ऊँचा हो गया जब उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत के बलबूते आईएएस, भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा में 149 वां रैंक हासिल कर अपने परिवार और शहर का नाम रोशन किया था।

" सौरभ स्वामी का जन्म दादरी, हरियाणा में हुआ। उनके पिता अशोक स्वामी एक चाय की दुकान चलाते है। सौरभ स्वामी ने 2017 में अनुभूति स्वामी से शादी की।

सौरभ स्वामी ने अपनी शुरुआती शिक्षा भिवानी जिले के दादरी कस्बे के एपीजे स्कूल से प्राप्त की। स्कूल की शिक्षा पूरी होने पर इन्होंने दिल्ली की भारतीय विद्यापीठ विश्वविद्यालय में दाखिला लिया और वहां से बीटेक में स्नातक की डिग्री हासिल की। सौरभ पढ़ाई-लिखाई में हमेशा अव्वल रहे है, एक अच्छी स्नातक की डिग्री और प्रतिभा के बदोलत वर्ष 2011 में इन्हें रक्षा मंत्रालय की बैंगलोर स्थित भारत इलेक्ट्रोनिक्स में बतौर सीनियर डिजाइन इंजीनियर की नौकरी मिली, लेकिन यदि आपके खयाल आसमान जितने ऊँचे हो तब उच्च पद और अच्छी नौकरी भी उसके सामने छोटी लगने लगती है। "

# हैं आँधियों में दीप : सौरभ स्वामी



## पिता का सपना पूरा करने के लिए बने आईएएस

बड़ा पद व अच्छे वेतन होने के बावजूद सौरभ के मन में अपने देश व समाज के लिए कुछ करने का जज्बा दौड़ रहा था और कहीं न कहीं अपने पिता के सपने को भी पूरा करना चाहते थे। ऐसे में सौरभ ने अपने पिता की प्रेरणा से आईएएस की तैयारी शुरू की। बकौल सौरभ, IAS की प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी के लिए उन्हें सिर्फ 3 ही महीने मिले थे। सौरभ पहली बार इस परीक्षा को दे रहे थे, इसके चलते उन्होंने खूब मेहनत की और दिन में 17-17 घंटे पढ़ाई की। तीन महीने की छुट्टी लेकर वे दिल्ली चले गये और वहां एक कोचिंग को ज्वाइन किया। कोचिंग में 14 घंटे और फिर घर पर 3 से 4 घंटे पढ़ाई करना सौरभ की दिनचर्या बन गई थी। वे बताते है कि, इन तीन महीनो में मैं भूख, प्यास सब भूल चूका था। इन दिनों में खाना तो कभी-कभार ही खा पाता था वरना कई ऐसे दिन भी थे जिनमे सिर्फ ज्यूस पर ही पूरा दिन निकल जाता था। उसके बाद सौरभ स्वामी ने परीक्षा दी और ये उनकी कड़ी मेहनत का ही परिणाम था कि सौरभ ने परीक्षा में 149वां स्थान हासिल किया।

## पिता के दिए संस्कारों की बदौलत सपना बना लक्ष्य

सौरभ के अनुसार घर, परिवार, अमीरी गरीबी से ख़ास की पहचान नहीं होती बल्कि उसके कामों से उसकी पहचान होती है। उनके पिता अशोक स्वामी ने उन्हें ऐसे संस्कार दिए व पिता ने जो सपना संजोया वही सपना उनका लक्ष्य बन गया। उनके पिता का सपना था कि उनका बेटा भी एक दिन बड़ा आदमी बने और उनका नाम रोशन करे और सौरभ स्वामी ने अपने पिता के सपने को साकार कर दिखाया है। अशोक स्वामी के मुताबिक वो बरसों से चाय की रेहड़ी चला रहे थे। उसके बाद दुकान की व बेटे को पढ़ाया लिखाया तो बेटा इंजीनियर बना। लेकिन उनका सपना था कि बेटा आईएएस बने। सौरभ स्वामी भी अपने पिता के काम उनकी मदद करते और साथ साथ पढ़ाई भी करते। अशोक स्वामी का कहना है कि उसके सपने को साकार करने में उनकी बेटियों का भी पूरा योगदान रहा। उनका कहना है कि बेटा रात तीन बजे तक पढ़ता था तथा बेटे ने कड़ी मेहनत करके आईएएस बनने का सपना पूरा किया।

## स्काउट गाइड के लिए मार्गदर्शन

सौरभ स्वामी का कहना है कि स्काउटिंग एक देश सेवा की भावना है। स्काउट गाइड समाज सेवा के कितनी संख्या में कार्य करते हैं इससे जयादा महत्त्वपूर्ण यह है कि उस कार्य को करने में उनकी भावना कैसी है। यदि स्काउट गाइड पूरे मन और भावना से समाज सेवा के कार्य करते हैं तो स्काउटिंग का अर्थ सिद्ध हो जाता है। उन्होंने स्काउट को सन्देश देते हुए कहा कि मेहनत के बलबूते किसी भी कार्य को किया जा सकता है। यदि आप में किसी भी कार्य को करने का जज्बा है तो राह में कितनी भी मुश्किलें आये आपको मंजिल तक पहुँचने में कोई भी नहीं रोक सकता।

# श्रीगंगानगर के सादुलशहर में हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स ने खोला मास्क बैंक




हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर के तत्वाधान में राज्य संगठन आयुक्त स्काउट रिपुदमन सिंह के निर्देशानुसार सादुलशहर के बस स्टैंड पर मास्क बैंक की शुरुआत की गई। विधायक जगदीश जांगिड़, एसडीएम हवाई सिंह यादव, तहसीलदार हरीश टाक ने इस मास्क बैंक की शुरुआत की। डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर संदीप मांझू के अनुसार मास्क बैंक के माध्यम से बिना मास्क पहने लोगों को मास्क वितरित किए गए साथ ही साथ कोरोना गाइडलाइन के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर विधायक जगदीश जांगिड़ ने रिबन को काटा और उसकी शुरुआत की। विधायक जगदीश जांगिड़ ने कहा कि स्काउट गाइड द्वारा यह बेहतरीन शुरुआत की गई है। स्काउट गाइड के सदस्य अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और लोगों को जागरूक करें। इस दौरान ब्लॉक सीएमएचओ डॉ लक्षय सिंह, मेडिकल यूनियन अध्यक्ष किशोर धूड़िया, व्यापार मंडल के पूर्व प्रशासक सुखविंदर सिंह लालगढिया, गाइड प्रभारी मनप्रीत कौर, ब्लाक सचिव सादुलशहर विपिन मोदी, ब्लाक सचिव अनुपगढ़ सत्तार खान, रोवर लीडर बजरंग लाल, गुरु भगवान सिंह, कनिष्ठ लेखाकार पवन राठौड़, विधायक निजी सचिव दिनेश गोयल, रोवर धर्मवीर, विकास, विक्रम, पवन प्रजापत,यशदीप, हर्ष सहारण, रुपराम, सुनील, अमित, रेंजर पूजा, ज्योति, मुस्कान, कांता, निर्मला, वनिता, ममता, प्रीति, निशा, मनीषा, सपना, आरती आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा, खेल और लेखन में बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. मोहन चौधरी

**शख्सियत**



डॉ मोहन चौधरी वर्तमान समय में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) मानसरोवर जयपुर में वरिष्ठ शारिरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। इसके साथ ही उप-जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा माध्यमिक (मुख्यालय) जयपुर का अतिरिक्त कार्यभार का निर्वहन कर रहे हैं। इससे पूर्व भी वर्ष 2018 में इस कार्यभार का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। मुख्यालय में रहते हुए तीन बार राज्य और दो बार राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन करवाया है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. मोहन ने बी.पी.एड, एम.पी.एड, एम.ए, नेट, पी.एचडी की शिक्षा राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से पूर्ण की है। अपनी मात्र 4 वर्ष की राजकीय सेवा में शिक्षक सम्मान 2020 प्राप्त किया है। स्कूल ओर कॉलेज समय में इन्होंने स्काउट, एनसीसी, एनएसएस और विशेष रूप से खेल के क्षेत्र में पहचान स्थापित की। डॉ. मोहन ने वर्ष 2007 में राजस्थान विश्वविद्यालय क्रॉस कंट्री टीम के कैप्टन रहते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार टीम चैंपियनशिप प्राप्त की और विश्वविद्यालय से खेल छात्रवृत्ति प्राप्त की द्य ये जिलास्तरीय ओर राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करते हुए 7 बार नेशनल खिलाड़ी रहे हैं। इन्होंने शारिरिक शिक्षा के क्षेत्र मे एक पुस्तक का लेखन भी किया है। इनके 15 से अधिक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। इन्होंने 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठीयो, सम्मेलनों एवं कार्यशालाओ में भाग लिया है। डॉ. मोहन शोध पत्रिका टाइम्स इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ रिसर्च के संस्थापक हैं। अनेक बार दूरदर्शन व समाचार जगत में इन्होंने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए हैं। ये चुनाव समय में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिला कलेक्टर जयपुर द्वारा वर्ष 2018 में सम्मानित किये जा चुके हैं। डॉ. मोहन समाज और पशु पक्षियों की सेवा मे सक्रिय भागीदारी निभाते रहे हैं। प्रत्येक वर्ष विद्यालय में नियमित वृक्षारोपण करते हैं। डॉ.मोहन विद्यालय में अनेक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी, स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रभारी, अनुशासन प्रभारी और सीएसआर प्रभारी रहते हुए राउंड टेबल इंडिया के माध्यम से आधुनिक कक्षा कक्षों का निर्माण मय फर्नीचर करवाया है। डॉ. मोहन शारीरिक शिक्षा एवं खेल विकास समिति व साहस फाउंडेशन जो कि शिक्षा एवं खेलों के लिए कार्य करती है उसके सचिव हैं। इन्होंने विभागीय जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय अनके कार्यक्रमों में अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया है।

– **डॉ. मोहन चौधरी**, वरिष्ठ शारिरिक शिक्षक
महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मानसरोवर, जयपुर
सहायक जिला सचिव हिंदुस्तान स्काउट एण्ड गाइड्स, जयपुर





# नगर परिषद् आयुक्त और सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का स्कार्फ पहनाकर स्वागत

जिला मुख्यालय दौसा में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर सोनू शर्मा के नेतृत्व में हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स की टीम द्वारा नगर परिषद आयुक्त पूजा मीना का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त ने जागरूकता पोस्टर का विमोचन भी किया। सोनू शर्मा ने पूजा मीना को संगठन द्वारा किये जा रहे जागरूकता कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग रामजी लाल मीना का भी स्कार्फ पहनकर स्वागत किया गया और पोस्टर का विमोचन करवाया गया। रामजी लाल मीना ने स्काउट्स द्वारा किया जा रहे कार्यो की सराहना की।

## बीकानेर रेंज आईजी प्रफुल्ल कुमार, एसपी और कलक्टर ने की स्काउट की सराहना

**हनुमानगढ़।** लॉक डाउन के दौरान हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ में सहायक राज्य संगठन आयुक्त कविता जैन के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर राकेश बेनीवाल के नेतृत्व में स्काउट गाइड द्वारा पुलिस प्रशासन का विभिन्न चोराहो पर व्यवस्था बनाने में सहयोग किया जा रहा है। बीकानेर रेंज आईजी ने हनुमानगढ़ क्षेत्र का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर राकेश बेनीवाल से बात की और संगठन द्वारा किये जा रहे जागरूकता कार्यो के बारे में जानकारी ली। इस दौरान आईजी प्रफ्फुल कुमार, जिला कलक्टर नथमल डिडेल, एसपी प्रीती जैन ने मुक्त कंठ से स्काउट गाइड की सराहना की।




## हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर श्री नथमल डिडेल ने ग्रहण किया जिला संरक्षक का पदभार

हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर श्री नथमल डिडेल ने हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स के जिला संरक्षक का पदग्रहण किया। इस अवसर पर स्काउट मास्टर बलविन्दर सिंह और रोवर मनीष कुमार ने जिला कलेक्टर को पीपल का पौधा व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर स्काउट गाइड की मासिक पत्रिका स्काउट गाइड दर्पण भेंट की गई। जिला हनुमानगढ़ मे स्काउट गाइड द्वारा किये जा रहे कार्यो से जिला कलेक्टर को विस्तृत रूप से अवगत करवाया गया। जिला कलेक्टर ने स्काउट गाइड द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की व आगामी दिनों में किये जा रहे कार्यो मे सहयोग हेतु व मिलकर कार्य करने हेतु सुझाव दिए गए।








# स्टेट कमिश्नर (स्काउट) सौरभ
# में बेजुबान पशु पक्षियों के लि












# स्वामी के निर्देशानुसार प्रदेश भर
# लिए चलाया गया सेवा अभियान









# अंबेडकर सर्कल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

उदयपुर संभाग

**उदयपुर**

■ भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की 130 वी जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर सर्कल पर किया गया। कार्यक्रम में हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स की टीम ने भी पुष्प अर्पित किये।

■ संभाग मुख्यालय उदयपुर में हिन्दुस्तान स्काउटस एण्ड गाइड्स और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में नो मास्क नो एंट्री थीम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अंबेडकर सर्कल पर रंगोली बनाई गयी और आमजन को वैक्सीन लगवाने का सन्देश दिया गया। इस मौके पर अंबेडकर संघर्ष समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान, सामाजिक एवं युवा कार्यकर्ता हीरालाल मेघवाल, एसबीआई मैनेजर पीएस खींची, एसबीआई कैशियर गोपाल गोटिया, पीडब्ल्यूडी से जेईएन सुरेश चंद्र खटीक, सामाजिक कार्यकर्ता दीपेश चौहान मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रेंजर लीडर सीमा नागदा एवं कविता सागर के नेतृत्व में किया गया।

■ संभाग मुख्यालय उदयपुर में संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा उदयपुर एवं सहायक राज्य आयुक्त हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य श्री धर्मेंद्र कुमार जोशी को स्कार्फ पहनाकर एव बुके देकर शिष्टाचार भेंट की गयी एवं सहायक राज्य आयुक्त उदयपुर संभाग का पदभार ग्रहण करवाया।







# वैक्सीन जागरूकता के लिए घर-घर सर्वे

जोधपुर संभाग

जोधपुर

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय जोधपुर में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर मनीष शेरावत के नेतृत्व में आमजन को सेनेटाइजर का उपयोग करने तथा सोशल डिस्टेंसिंग की पालना के लिए जागरूक करने का अभियान चलाया गया।

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय जोधपुर में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर मनीष शेरावत के नेतृत्व में स्काउट गाइड की टीम ने घर घर जाकर वैक्सीन से वंचित रहे लोगो का डाटा एकत्रित किया और स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करवाया।



# आमजन को पिलाया काढ़ा

अजमेर संभाग

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय अजमेर में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर रमेश कुमार प्रजापत द्वारा काढ़ा तैयार कर गली मोहल्ले में आमजन को पिलाया गया और वैक्सीन के लिए प्रेरित किया गया।



# कोरोना महामारी के प्रति लगाए जागरूकता शिविर

नागौर

■ जिला मुख्यालय नागौर के तत्वाधान में जिला सचिव अनंदाराम सेवदा और डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर श्रवण राम सेवदा के नेतृत्व में कोरोना महामारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शिविर लगाए गए। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों से भी चर्चा की गयी।



■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स द्वारा नागौर के ग्राम पंचायत बुटाटी धाम के क्षेत्र में सड़को पर घुमते बेजुबान पशुओं को गाइड अनुराधा सेवंदा और अनुप्रिया ने हरा चारा खिलाया और पानी की व्यवस्था की। इसके साथ लॉक डाउन के दौरान लगातार चारे और पानी की व्यस्था का संकल्प लिया।

■ जिला मुख्यालय नागौर के तत्वाधान में जिला सचिव अनंदाराम सेवदा के नेतृत्व में बुटाटी धाम के वैक्सीन सेंटर पर व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान किया गया और लोगो को वैक्सीन लगाने के लिए जागरूक किया गया।



■ जिला मुख्यालय नागौर के तत्वाधान में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर श्रवण सेवदा के निर्देशानुसार वैक्सीन सेंटर पर रंगोली बनाई गयी। इस रंगोली का एएनएम श्रीमती नौरति देवी ने अवलोकन किया और स्काउट गाइड द्वारा किये जा रहे प्रयासों को सराहा।

# जन अनुशासन पखवाड़े के तहत बनाई रंगोली

बीकानेर संभाग

बीकानेर



▪ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय बीकानेर में सहायक राज्य संगठन आयुक्त कविता जैन के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर धीरज शर्मा के नेतृत्व में भयंकर गर्मी और लॉक डाउन के दौरान बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिंडे बांधे गए और इन परिंडों में लगातार पानी डालने का संकल्प लिया गया।

▪ जिला मुख्यालय बीकानेर में सहायक राज्य संगठन आयुक्त कविता जैन के निर्देशानुसार रोवर रेंजर की टीम द्वारा नुकड़ नाटक का आयोजन कर कोरोना जागरूकता का संदेश दिया। इस नाटक के माध्यम से आमजन को कोरोना बीमारी की भयावता के बारे में बताया गया और आवश्यक सावधानिया रखने के लिए प्रेरित किया गया।

▪ जिला मुख्यालय बीकानेर में सहायक राज्य संगठन आयुक्त कविता जैन के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर धीरज शर्मा के नेतृत्व में स्काउट गाइड और रोवर रेंजर की टीम द्वारा गंगानगर चौराहे पर मानव श्रंखला बनाई गयी और कोरोना महामारी के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। इस दौराम स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से आमजन को वैक्सीन लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में रेंजर मानसी कंवर, तनवी कंवर, भवानी कंवर, आरती राजपूत, रोवर लीडर जितेंद्र गुप्ता, संजय पुरोहित, नकुल, अजय, शुभम पुरोहित, विष्णु स्वामी, जयकिशन, सुधीर आदि मौजूद थे।



▪ हिंदुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स जिला मुख्यालय बीकानेर में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सड़कों पर आमजन को मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान निशुल्क मास्क का भी वितरण किया गया। इस दौरान रोवर लीडर जितेंद्र गुप्ता, संजय पुरोहित, नकुल, अजय, शुभम पुरोहित, विष्णु स्वामी, जयकिशन, सुधीर आदि उपस्तिथ थे।

▪ नगर निगम आयुक्त एएच गोरी ने हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स बीकानेर की टीम को कोरोना काल में समाजसेवा के उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया। पीबीएम हेल्प कमेटी द्वारा रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित इस कार्यक्रम में पीबीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ. परमेन्द्र सिरोही, राजस्थान बार कौंसिल के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा एडवोकेट उपस्थित रहे।

▪ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स की टीम ने डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर धीरज शर्मा के नेतृत्व में शहर के विभिन्न चौराहो पर पुलिस प्रशासन का सहयोग किया और यातायात व्यवस्था बनाने में मदद की।



## वैक्सीनेशन शिविर में व्यवस्था बनाने में सहयोग

▪ जिला मुख्यालय बीकानेर में सहायक राज्य संगठन आयुक्त कविता जैन के निर्देशानुसार रेंजर्स द्वारा वैक्सीनेशन शिविर में व्यवस्था बनाने में सहयोग किया गया। इस दौरान आमजन को वैक्सीन लगाने के लिए जागरूक भी किया गया।

▪ जिला मुख्यालय बीकानेर में आमजन को कोरोना के प्रति जागरूक करने के लिए घर घर पोस्टर लगाए गए और बिना मास्क घर से नहीं निकलने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान निशुल्क मास्क भी वितरित किये गए।

## रंगोली बनाकर आमजन को जागरूक किया

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स की टीम ने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित रामा भवन में टीकाकरण शिविर में रंगोली के माध्यम से आमजन को जागरूक किया इस शिविर में राजीव यूथ क्लब के अध्यक्ष श्री अनिल कल्ला, श्री कमल कल्ला, प्रदेश सचिव श्री देवेंद्र बिस्सा ने विशेष रूप से शिरकत की। रंगोली का निरीक्षण अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुनील बोड़ा द्वारा किया गया। रंगोली का अवलोकन करने के बाद श्री अनिल कल्ला ने कहा कि बड़ी मेहनत के साथ स्काउट गाइड की टीम आम जन को जागरूक करने के लिए अपने कर्तव्य निभा रही है। यह काम वही कर सकता है जिसके मन मे लोगो की सेवा करने का जज्बा हो।



# बिना मास्क घूम रहे लोगों को बांटे मास्क



**हनुमानगढ़**

■ हनुमानगढ़ मे डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर राकेश बेनीवाल के निर्देशानुसार स्काउट गाइड की टीम ने बस स्टैंड पर बिना मास्क घूम रहे लोगो को मास्क का वितरण किया इसके साथ साथ बसों में भी लोगो को कोरोना के प्रति जागरूक किया और सेनेटाइजर का प्रयोग करने के बारे में जानकारी दी।

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ के तत्वाधान मे डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर राकेश बेनीवाल के निर्देशानुसार स्काउट गाइड की टीम ने विभिन्न गाँवों में कोरोना के भयावह रूप के बारे में ग्रामीणों को बताया और आवश्यक सावधानिया बरतने के लिए अपील की।

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ के तत्वाधान मे डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर राकेश बेनीवाल के निर्देशानुसार स्काउट गाइड की टीम ने स्वास्थ्य केन्द्रो पर वैक्सीनेशन के दौरान व्यवस्था बनाने में प्रशासन का सहयोग किया। इसके साथ साथ आमजन को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित भी किया।



# विधायक राजकुमार गौड़ ने किया जागरूकता रंगोली का अवलोकन

**श्रीगंगानगर**




▪ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर के तत्वाधान में डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर स्काउट संदीप माँझू और जिला ऑर्गेनाइजर गाइड मीनू रानी के नेतृत्व में रोवर राकेश धतरवाल, मनीष, विकास, विक्रम, यशराज यादव, हर्षित, अनुज, अशोक व रेंजर अन्जू, पूजा,अनु ने रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर कोरोना वैक्सीन जागरूकता की रंगोली बनाई व यात्रियों को मास्क लगाने व 49 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया।

▪ जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ ब्लॉक में हिन्दुस्तान स्काउट्स गाइड्स व नगरपालिका के ईओ संदीप बिश्नोई की अगुवाई में ब्लॉक सचिव सत्तार खान, रोवर लीडर सुनील कुमार, रेंजर लीडर कोमल चुचरा, रेंजर रमनदीप, वीना, ज्योति, मनीषा, अनु, सुलोचना, कांता व रोवर सुनील कड़ेला, गोपाल, नमन, मनदीप सिंह, बीरबल द्वारा मुख्य बाजार में मास्क वितरण किया गया तथा लोगों को कोरोना महामारी से बचाव हेतु वैक्सीन लगाने के लिए जागरूक किया।

▪ जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर के ब्लाक सादुलशहर में गाइड प्रभारी मनप्रीत कौर के नेतृत्व में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय की छात्राओं ने राजकीय अस्पताल में कोरोना जागरूकता अभियान के तहत रंगोली बनाई गयी और पोस्टर और बैनर की प्रदर्शनी लगाई गयी। ब्लाक सीएमएचओ डा. लक्ष्य सिंह, नायब तहसीलदार मोनिका बंसल, डा. देवल राठौड़ ने रंगोली और प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर जिला कमिशनर डा. नगेंदर कौर, कनिष्ठ लेखाकार पवन राठौड़, रेंजर ज्योति, पूजा, कांता, आरती, कोमल, मुस्कान, पूजा स्वामी, ज्योति रानी, निर्मला, मोनिका, वनिता, ममता आदि मौजूद रहे।

▪ जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर में अम्बेडकर चौंक पर कोरोना जागरूकता रंगोली बनाई गई जिसका अवलोकन जिला कलेक्टर जाकिर हुसैन, माननीय विधायक श्री राजकुमार गौड़, सीएचएमओ डा. गिरधारी मेहरडा, नगर परिषद आयुक्त सचिन यादव, यातायात पुलिस सीआई कुलदीप चारण व गणमान्य नागरिकों ने किया।

▪ जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर में कोरोना जागरूकता अभियान के तहत डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर स्काउट संदीप माँझू के नेतृत्व में भगत सिंह चौक पर मानव श्रृंखला बना कर आमजन को जागरूक किया गया। इस दौरान रोवर-रेंजर द्वारा कोरोना जागरूकता के स्लोगन लिखी तख्तियां हाथ में लेकर कोरोना वैक्सीन और मास्क के प्रति जागरूकता के लिए संदेश दिया गया।

▪ हिन्दुस्तान स्काउट्स व नगरपरिषद के द्वारा स्वायत शासन विभाग के कोरोना जागरूकता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में कोरोना वैक्सीन जागरूकता रंगोली बनाई गई। जिला ऑर्गेनाइजर स्काउट संदीप माँझू और गाइड मीनू रानी ने बताया कि रंगोली का अवलोकन जिला कलक्टर जाकिर हुसैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर भवानी सिंह पंवार ने किया।

▪ जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर के तत्वाधान में अनूपगढ़ में कोरोना महामारी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए कनॉट पैलेस और 27 ए चौक पर रोवर रेंजर द्वारा रंगोली बनाई। रंगोली का अवलोकन डीएसपी जयदेव सिहाग व नगर पालिका ईओ संदीप बिश्नोई ने किया तथा मुख्यमंत्री के संदेश 'नो मास्क नो मूवमेंट्स' को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला ऑर्गेनाइजर संदीप मांझू, ब्लाक सचिव सत्तार खान, रेंजर लीडर कोमल चुचरा, रमनदीप कौर, वीना, ज्योति, सुलोचना, मनीषा बिश्नोई, कान्ता, बिरमा,अनू, रोवर सुनील कडेला, गोपाल, नमन, बीरबल,विशाल आदि मौजूद रहे।



# कोरोना जन जागरूकता अभियान चलाया

**चूरू**

▪ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय चूरू के तत्वाधान मे डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर प्रवीण चौधरी के निर्देशानुसार बाजार के विभिन्न हिस्सों में मास्क वितरण किये गए और लोगों को कोरोना महामारी के प्रति जागरूक किया गया।

▪ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय चूरू के तत्वाधान मे डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर प्रवीण चौधरी के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न चोराहो पर रंगोली के माध्यम से कोरोना महामारी के प्रति लोगो को जागरूक किया गया और लोगो को घरो में रहने के लिए आह्वान किया गया।



**झुंझनू**

▪ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स जिला मुख्यालय झुंझनू में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर गाइड बुगेश चौधरी के नेतृत्व में गाइड टीम द्वारा मास्क का निर्माण किया गया और इन्हे निशुल्क रूप से आमजन में वितरण किया गया।

▪ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स जिला मुख्यालय झुंझनू के मंडावा में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर गाइड बुगेश चौधरी के निर्देशानुसार बेजुबानो की प्यास बुझाने के लिए परिण्डे बांधे और इनमे नियमित रूप से पानी डालने का संकल्प लिया। इस मौके पर पुजारी महिपाल स्वामी, स्काउट अधिकारी प्रदीप ईशरवाल, रामअवतार अध्यापक, मोहर सिंह पुनिया आदि मौजूद रहे।

▪ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स जिला मुख्यालय झुंझनू में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर गाइड बुगेश चौधरी के नेतृत्व में भयंकर गर्मी में सूख रहे पौधों को पानी दिया गया। इस दौरान स्काउट गाइड को पर्यावरण के महत्त्व के बारे में भी बताया गया।

▪ जिला मुख्यालय झुंझनू में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर गाइड बुगेश चौधरी के नेतृत्व में पूरे शहर भर में मास्क वितरण अभियान चलाया गया और बिना मास्क पहने लोगो को मास्क वितरित किये गए।

▪ जिला मुख्यालय झुंझनू में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर गाइड बुगेश चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिण्डे बांधे गए। इन परिंडों में पानी के साथ साथ दानो का भी इंतजाम किया गया।

▪ जिला मुख्यालय झुंझनू में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर गाइड बुगेश चौधरी ने रेत के टीलों में रह रहे लोगो को कोरोना के प्रति जागरूक किया। इस दौरान लोगो को मास्क बांटे गए। लोगो को साफ़ सफाई से रहने के बारे में भी जागरूक किया गया।

▪ जिला मुख्यालय झुंझनू में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर बुगेश चौधरी के नेतृत्व में स्काउट गाइड और रोवर रेंजर बस स्टैंड, नगरपरिषद, जिला परिषद् आदि जगहों पर रंगोली बनाकर लोगो को कोरोना महामारी के प्रति सन्देश दे रहे हैं इस दौरान लोगो को मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग की पालना के लिए प्रेरित किया गया।



# वैक्सीन के लिए डोर टू डोर किया सर्वे




**जयपुर संभाग**

**जयपुर**

**जयपुर।** ग्राम पंचायत रोजदा में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर मुकेश सैनी के नेतृत्व में सरपंच आशा शैतान निठारवाल के सहयोग से हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स की टीम ने घर घर जाकर सेनेटाइजर का छिड़काव किया। इस दौरान रोवर लीडर विष्णु बुनकर, रोवर सुरेंद्र बुनकर, रेंजर पायल बुटोलिया, पलक बुटोलिया आदि मौजूद रहे। ■ चाकसू ब्लॉक के स्काउट छात्रों ने घर घर जाकर 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगो को कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान रेल्वे स्टेशन, नगरपालिका क्षेत्र के फागी मोड़, कोटखावदा, मोड़ सहित कस्बे के सभी मोहहलो में कोरोना महामारी मे मास्क लगाने एवं इस महामारी से बचने के लिए लोगो को जागरूक किया। ■ जयपुर में वैक्सीन जागरूकता कार्यक्रम के तहत रोवर रेंजर ने रंगोली एवं जनजागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया साथ ही साथ मास्क वितरण का कार्य भी भामाशाह के सहयोग से किया गया। ■ जयपुर के चाकसू में हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स के छात्रों द्वारा सविंधान निर्माता डा. भीम राव अम्बेडकर जयंती के मौके पर अम्बेडकर सर्किल पर रंगोली बनाई और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये गए। ■ जयपुर में डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर राजेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में स्काउट गाइड द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से आमजन को कोरोना वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक किया गया और अधिक से अधिक संख्या में वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया गया। ■



जयपुर में डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर मुकेश कुमार सैनी के नेतृत्व में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए और उनमे दाना पानी की व्यवस्था की गयी। इसके साथ साथ रोवर रेंजर द्वारा इन परिंडों में नियमित रूप से पानी और दाने डालने के शपथ ली गयी। ■ जयपुर में डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर मुकेश कुमार सैनी के निर्देशानुसार स्काउट गाइड और रोवर रेंजर की टीम द्वारा स्वंय मास्क तैयार कर आसपास के इलाके में मास्क वितरण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान करीब चार हजार से जयादा मास्क वितरित किये जा चुके हैं। ■ हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय जयपुर के चाकसू ब्लॉक मे डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर राजेंदर सिंह चौधरी के निर्देशानुसार रोवर लीडर मुकेश कुमार बडोलिया के नेतृत्व में फागी मोड, कोटखावदा मोड, कोथुन चेक पोस्ट आदि पर पुलिस दल का सहयोग किया गया। इस दौरान लोगो को बेवजह सड़को पर नहीं घूमने के लिए प्रेरित किया गया।



## फ्लैग मार्च निकाला

जिला मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में चाकसू में थानाधिकारी जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया जो की पुलिस स्टेशन से कोटखावदा मोड़, खटीक चौराहा, मुख्य बाजार, सब्जी मण्डी, पोस्ट ऑफिस ,फागी मोड़ होते हुए वापिस पुलिस स्टेशन पहुंचा। इस दौरान लोगो को मास्क लगाने, घरों से बाहर न निकलने, सावधानी बरतने के लिए लोगो को जागरूक किया गया। फ्लैग मार्च में हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स के रोवर्स भी शामिल रहे।

■ जयपुर के मानसरोवर स्तिथ महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी विधालय की स्काउट गाइड की टीम ने आमजन को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया और बताया कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है इस दौरान घर घर और दुकान दुकान जाकर वैक्सीन से वंचित रहे लोगो का डाटा एकत्रित कर स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करवाया गया। ■ महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय ,मानसरोवर ,जयपुर से हिंदुस्तान स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जयपुर के स्काउट प्रियांशु कुमावत की एक बहुत खूबसूरत प्रस्तुति । अपने संदेश में प्रियांशु ने आज हनुमान जयंती के दिवस पर वैज्ञानिकों द्वारा बनाए गए टीके को हनुमान जी द्वारा लाई गयी संजीवनी बूटी बताया। जिस प्रकार हनुमान जी ने संकट काल मे संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण जी की जान बचाई उसी प्रकार टीका इस कोरोना के संकट के समय सुरक्षा चक्र बना इंसान की जान बचाएगा।

## जरूरतमंद लोगो को भोजन का किया वितरण

कोरोना काल के चलते बहुत से लोगो के समय भोजन का संकट खड़ा हो गया है ऐसे में स्काउट गाइड ने इन लोगो के पास पहुँच कर भोजन की व्यवस्था की। जिला मुख्यालय जयपुर में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर राजेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कादेड़ा, चाकसू की रेंजर मधु गोस्वामी और मनीषा गोस्वामी ने जरूरतमंद लोगो को भोजन का वितरण किया।



# पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाया अभियान

**अलवर**

■ माननीय मुख्यमंत्री महोदय श्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार कोरोना महामारी के प्रति आमजन में जागरूकता एवम कोरोना वैक्सीनेशन के लिए जागरूकता कार्यक्रम में जिला सचिव संगीता गौड़, डिस्ट्रिक्ट ऑर्गनाइज़र नकुल मीना के निर्देशन में रा.उच्च.मा.विद्यालय, तालाब, की स्काउट गाइड टीम द्वारा आमजन को जागरूक किया गया एवम इससे बचाव के लिए मास्क लगाने का संदेश दिया गया।मास्क वितरण का कार्य लगातार कई दिन से जारी है। ■ जिला सचिव संगीता गौड़ के नेतृत्व में गाँव तालाब के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्काउट गाइड और रोवर रेंजर ने पौधारोपण किया और पौधों में पानी दिया। इस दौरान विद्यालय वाटिका की साफ सफाई करते हुए पेड़ों की कटिंग भी की गयी। ■ हिंदुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय अलवर के तत्वाधान में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर नकुल मीणा के निर्देशानुसार जिला सचिव संगीता गौड़ के नेतृत्व में लोगों को कोरोना महामारी के प्रति जागरूक किया गया। महाराणा प्रताप ओपन रोवर क्रू से स्काउट गाइड और रोवर रेंजर द्वारा प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलवर में रंगोली बनाई गयी और वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ साथ गाँव में भी मास्क लगाने के लिए और बार-बार हाथ धोने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान रोवर लीडर विनय कुमार, तरुण शर्मा, रमाकांत शर्मा, शुभम शर्मा, सचिन शर्मा, मोहित शर्मा, संजय, कृष्ण, शिवम मौजूद रहे। ■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय अलवर के तत्वाधान में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर नकुल मीणा के निर्देशानुसार जिला सचिव संगीता गौड़ के नेतृत्व में महाराणा प्रताप ओपन रोवर क्रू द्वारा साइकिल रैली निकाली गयी। ■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय अलवर के तत्वाधान में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर नकुल मीणा के निर्देशानुसार जिला सचिव संगीता गौड़ के नेतृत्व में स्काउट गाइड ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आमजन को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया इसके साथ साथ वैक्सीनेशन के समय व्यवस्था बनाने में भी सहयोग किया। ■ हिन्दुस्तान स्काउट्स जिला मुख्यालय अलवर की जिला सचिव श्रीमती संगीता गौड़ को रक्तदान के क्षेत्र में किये गए उलेखनीय कार्य के लिए कनिष्का फाउंडेशन द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया गौरतलब है की संगीता गौड़ द्वारा आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता है।



# साइकिल रैली निकालकर दिया कोरोना जागरूकता का सन्देश



**दौसा**

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय दौसा के तत्वधान में डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर सोनू शर्मा के निर्देशानुसार छरेड़ा गांव में कोरोना गाइडलाइन की पालना के लिए पुलिस प्रशासन के साथ स्काउट गाइड की टीम ने सहयोग किया। इस दौरान रोवर सुशील बैरवा, लाला गुर्जर, रिंकू कुमार आदि मौजूद रहे।

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय दौसा के तत्वधान में लोगों को जागरूक करने के लिए अनूठा सन्देश दिया गया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को मास्क पहनाकर लोगों को जागरुक किया गया।

■ जिला मुख्यालय दौसा के लालसोट के ब्लॉक सचिव दामोदर प्रसाद शर्मा ने एसडीएम से मुलाकात की और संगठन द्वारा किये जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान शहर में कोरोना जागरूकता से सम्बन्धित मास्क वितरण और सेनेटाइजर के छिड़काव सम्बन्धी अभियान चलाने पर चर्चा की गयी। ■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय दौसा के तत्वधान में डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर सोनू शर्मा के निर्देशन में ब्लॉक सचिव लालसोट दामोदर प्रसाद शर्मा ने लोगों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया और 100 मास्क वितरण किए। ■ जिला मुख्यालय दौसा के तत्वाधान में सहायक राज्य संगठन आयुक्त मनोज कुमार त्रिवेदी के निर्देशानुसार मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मास्क पहनने के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान स्काउट गाइड की टीम ने स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से लोगो को कोरोना से बचने का सन्देश दिया। ■ जिला मुख्यालय दौसा में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर सोनू शर्मा के नेतृत्व में रोवर्स द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग को मध्य नजर रखते हुए रेलवे स्टेशन व बस डिपो के मुख्यालय पर लोगों को मास्क लगाने के लिए जागरूक किया। ■ जिला मुख्यालय दौसा में जिला कलेक्टर पीयूष सांवरिया के निर्देशानुसार हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड की टीम ने जिला दौसा स्थापना दिवस के मौके पर रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में जिला आर्गेनाइजर गाइड नयना मीणा और रोवर लीडर सुनील शर्मा, अक्षय चतुर्वेदी, अशोक कुमार दोतानिया, सुनील सेन, विकल्प सैनी, पायल वर्मा, अल्का रैगर आदि लोग मौजूद रहे। ■ जिला मुख्यालय दौसा के तत्वधान में जिला कलेक्टर पीयूष सांवरिया के निर्देशानुसार एक मुहिम का शुभारंभ किया गया। इस मुहिम के अनुसार पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। जल शक्ति अभियान के अंतर्गत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि जल को किस प्रकार बचाया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि पक्षियों के लिए परिंडे अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर 51 परिंडे लगाए गए।

■ जिला मुख्यालय दौसा के तत्वधान में सहायक राज्य संगठन आयुक्त मनोज कुमार त्रिवेदी के निर्देशानुसार डिस्टिक ऑर्गेनाइजर सोनू शर्मा के नेतृत्व मे रोवर रेंजर ने रंगोली बनाकर लोगों को जागरूक किया। रंगोली का अवलोकन सिटी सीओ दीपक शर्मा, ASI सुरेंद्र सिंह आदि ने किया। ■ जिला मुख्यालय दौसा के तत्वधान में सहायक राज्य संगठन आयुक्त जयपुर मनोज कुमार त्रिवेदी के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर सोनू शर्मा के नेतृत्व में कोरोना महामारी को देखते हुए पोस्टर का विमोचन कराया गया। पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया के द्वारा किया गया। इस पोस्टर को शहर के कलेक्ट्रेट, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, सूचना केंद्र, गांधी तिराहा, गांधी चौक, सब्जी मंडी, बस डिपो आदि स्थानों पर लगाया गया। डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर सोनू शर्मा ने बताया कि पोस्टर का मुख्य उद्देश्य लोगों को वैक्सीन के प्रति जागरूक करना और मास्क का प्रयोग करना और 2 गज की दूरी बनाकर रखना के प्रति जागरूक करना है।





**सीकर**

हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय सीकर के रोवर्स ने बस डिपो, बजरंग कांटा व शहर में घूम रहे बिना मास्क वाले व्यक्ति यों को 125 मास्क वितरित कर मास्क पहनने की महत्वता बताई।






**कोटा संभाग**

**बारां**

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय बारां के तत्वाधान में कब मास्टर फ्लॉक लीडर बेसिक प्रक्षिशण आयोजित किया गया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नवल यादव ने शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान शिविर में भाग ले रहे संभागियों से वार्तालाप किया और स्काउटिंग के बारे में अनुभव सांझा किये।

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय बारां के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बीस यूनिट रक्त का संग्रह हुआ।

## बूंदी बिना मास्क पहने लोगों को मास्क वितरित किए



■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय बूंदी के तत्वाधान मे लॉकडाउन के दौरान बेजुबान जानवरो के लिए भोजन का प्रबंध किया गया। इस दौरान स्काउट गाइड ने वानर सेना को मूंगफली, केला व रोटी खिलाई।

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय बूंदी के तत्वाधान मे कोरोना जागरूकता अभियान के तहत बिना मास्क पहने लोगो को मास्क वितरित कर सदैव मास्क का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय बूंदी के तत्वाधान मे कोरोना काल में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिंडे बांधे और नियमित रूप से इनमे पानी डालने का संकल्प लिया।

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय बूंदी में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में आमजन को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान आमजन को वैक्सीन के पूरी तरह सुरक्षित होने के बारे में जागरूक किया गया और भ्रांतियां दूर की गयी।



भरतपुर

## महिला दिवस पर डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर गाइड मधु शर्मा का सम्मान

भरतपुर संभाग



■ जिला भरतपुर की डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर गाइड मधु शर्मा का अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री विशाल चौधरी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाये पुरुषो से आगे बढ़ाकर कार्य कर रही हैं। इस दौरान मधु शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ■ जिला मुख्यालय भरतपुर में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर गाइड मधु शर्मा के निर्देशानुसार स्काउट गाइड ने कोरोना जागरूकता सम्बन्धित पोस्टर बनाये और आमजन में वितरित किये। इन पोस्टरों के माध्यम से मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने का सन्देश दिया गया। ■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स जिला मुख्यालय भरतपुर में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर स्काउट जितेंदर कुमार शुक्ला और डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर गाइड मधु शर्मा के निर्देशानुसार कब बुलबुल और रोवर्स रेंजर्स की और से पक्षियों के लिए परिण्डे बांधे गए और दाने की व्यवस्था की गयी । इस दौरान जिला सचिव वीरेंदर कुमार शुक्ला, एसओसी भरतलाल प्रजापत, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव तिवारी, स्काउट गाइड कब बुलबुल पुष्पेंद्र, आदित्य राज, कृषणकांत, कपिल देव, प्रह्लाद सोलंकी, इंदरजीत सोलंकी, काजल, प्रीती, दिव्यांश, योग्यता, रितिका, अर्पिता आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## वैक्सीनेशन सेंटर पर स्काउट गाइड ने दी सेवाएं

सवाई माधोपुर

■ जिला मुख्यालय सवाईमाधोपुर में हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स द्वारा डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर भरतलाल प्रजापत के निर्देशानुसार वैक्सीनेशन सेंटर पर स्काउट गाइड द्वारा सेवाएं दी गयी और व्यवस्था बनाने में सहयोग किया गया। ■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय सवाईमाधोपुर के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट आर्गेनाइजर भरतलाल प्रजापत के नेतृत्व में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चौथ का बरवाड़ा में आयोजित जिलास्तरीय निपुण रोवर रेंजर शिविर के दौरान रोवर रेंजर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर के तत्वावधान में कोरोनावायरस से बचने के लिए गंगापुर सिटी में आमजन को जागरूक किया गया। डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर स्काउट भरत लाल प्रजापत ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा चलाए जा रहे कोरोना जागरूकता जन अभियान के अंतर्गत रेलवे-स्टेशन, बस स्टैंड, मुख्य बाजार में दुकानदारों एवं आम लोगों को आवश्यक रूप से मास्क लगाने, सामाजिक दूरी बनाए रखने हेतु प्रेरित किया एवं बिना मास्क वाले लोगों को मास्क वितरित किए गए। इस अवसर पर श्री अनिल कुमार चौधरी, एसडीएम, श्री ज्ञानचंद जैमन, तहसीलदार, श्री राधेश्याम मीणा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं पदेन जिला कमिश्नर हिन्दुस्तान स्काउट गाइड, श्री उमाशंकर शर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), श्री सुरेश चंद शर्मा सहायक सचिव, श्रीमती सरोजरानी शर्मा संयुक्त सचिव, श्री सुभाष चंद शर्मा प्रशिक्षु डी0ओ0(स्काउट), श्री जयसिंह राजपूत ब्लॉक सचिव-गंगापुर सिटी, श्री सुखचंद प्रजापति जिला प्रशिक्षक, श्री सतीश चंद शर्मा जिला प्रशिक्षक व स्काउट गाइड मौजूद रहे।


■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स जिला मुख्यालय सवाईमाधोपुर के तत्वावधान में चलाए जा रहे परिण्डा अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कार्यालय परिसर में परिंडे बांधकर पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए पानी डाला गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर भरत लाल प्रजापत, जिला सचिव रूपनारायण गुर्जर, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक घनश्याम बैरवा, हनुमान प्रसाद शर्मा सहायक प्रशासनिक अधिकारी (जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय), मोहन लाल शर्मा खेल प्रकोष्ठ अधिकारी एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

■ हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय सवाईमाधोपुर के तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भगवतगढ़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लहसोड़ा, हम्मीर ओपन रोवर क्रू सवाई माधोपुर, पद्मिनी ओपन रेंजर टीम सवाई माधोपुर आदि के रोवर्स रेंजर्स द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर कोरोना जागरूकता के पोस्टर लगाए व स्टीकर चिपकाए। ■ कोविड-19 की दूसरी लहर के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार लोगों को जागरूक करने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग व हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर (स्काउट) भरत लाल प्रजापत के नेतृत्व में हम्मीर ओपन रोवर क्रू के रोवर्स व पद्मिनी ओपन रेंजर टीम-सवाई माधोपुर की रेंजर्स द्वारा शहर के चौराहों, बस स्टैंड, बैंक, पोस्ट ऑफिस, पुलिस चौकी, दुकानों, मकानों पर कोरोना जन जागरूकता होर्डिंग्स लगाए व पोस्टर चिपकाए। साथ ही बिना मास्क मिले लोगों को मास्क लगवाए गए व आपसी दूरी बनाए रखने व कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया जिससे कोरोना के बढ़ते संक्रमण की चैन को ब्रेक लगाकर लोगों को उसके प्रभाव से बचाया जा सके। ■ हिन्दुस्तान स्काउट्स सवाईमाधोपुर के तत्वावधान में चलाए जा रहे कोरोना जागरूकता जनअभियान के अंतर्गत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवतगढ़ पर रोवर रेंजर स्काउट गाइड द्वारा आवश्यक रूप से मास्क लगाए रखने, बिना आवश्यक कार्य के घर से बाहर नहीं निकलने, भीड़-भाड़ वाले स्थान से बचने, निर्भय होकर वैक्सीन लगवाने के लिए श्री जितेंद्र कुमार साहू स्काउट मास्टर व सुश्री रेखा शर्मा गाइड कैप्टन के नेतृत्व में रंगोली बनाकर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर स्थानीय चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रमेश चन्द बैरवा, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं पीईईओ श्री ब्रजमोहन मीणा, सरपंच श्री केदार मल गुर्जर, विद्यालय स्टाफ, स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ, रोवर रेंजर स्काउट गाइड उपस्थित रहे।



# झलकियां ...






















अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी अलवर द्वितीय कमलराम मीना को जिला सचिव संगीता गौड़ स्काउट गाइड दर्पण की प्रति भेंट करते हुए।

सादुलशहर विधायक एडवोकेट श्री जगदीश चन्द्र जांगिड़ को स्काउट गाइड दर्पण की प्रति भेंट करते राज्य संगठन आयुक्त स्काउट रिपुदमन सिंह व रेंजर टीम।



श्रीगंगानगर जिला परिषद सी.ई.ओ. श्री अशोक मीणा स्काउट गाइड दर्पण का अवलोकन करते हुए।



प्रेषक :- हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य नजदीक गुरू गोविन्द सिंह स्कूल, गांधी ग्राउंड चेतक सर्किल उदयपुर राजस्थान 313001

आर.एन.आई. नं. :

**RAJBIL27007**